MAY 2023 **U/ID 30681/ULE4A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

SECTION A — ($10 \times 2 = 20$ marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 30 शब्दों में हों।

1. प्रलय के बाद की वनस्पतियों का कवि ने किस तरह वर्णन किया है?

2. मुक्तिबोध अपने आपको अकेला क्यों अनुभव करते हैं?

3. धर्मवीर भारती की कल्पना अपने आपको गुलाम क्यों समझती थी?

4. 'वरदान माँगूँगा नहीं' कविता का उद्देश्य क्या है?

5. 'भारत की आरती' कविता में कवि समाजवाद क्यों चाहते हैं?

6. गाँधीजी की हत्या के बारे में आनेवालों से एक सवाल कविता में क्या कहा गया है?

7. 'छायावाद के चार स्तंभ' के नाम गिनाइए।

8. छायावादी कविता में प्रस्तुत रहस्यवाद का परिचय दीजिए।

9. प्रगतिवादी कविता से तात्पर्य क्या है?

10. नई कविता में प्रस्तुत आधुनिकता बोध का परिचय दीजिए।

11. प्रसाद युग की हिन्दी कहानी की विशेषताएँ लिखिए।

12. मोहन राकेश का परिचय दीजिए।

SECTION B — ($5 \times 5 = 25$ marks)

किन्हीं पाँच की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

13. वह विवर्ण मुख त्रस्त प्रकृति का
आज लगा हँसने फिर से,
वर्षा बीती हुई सृष्टि में
शरद विकास नये सिर से।

14. फिर भी मैं अपनी सार्थकता में खिन्न हूँ।
विष से अप्रसन्न हूँ
इसलिए कि जो है, उससे बेहतर चाहिए
पूरी दुनिया साफ करने के लिए मेहतर चाहिए

15. गुलाम देश में मगर
किसी जवान लाश पर
निरीह शोक का कफ़न तानना गुनाह है
अहा–हास भी मना
भूख–प्यास भी मना
यहाँ मनुष्य को मनुष्य मानना गुनाह है।

16. स्मृति सुखद प्रहारों के लिए
अपने खण्ड हरों के लिए
यह जान लो, मैं विश्व की संपत्ति चाहूँगा नहीं

17. सम्राज पूँजी का क्षत होवे
ऊँच नीच का विधान नत होवे
साधिकार जनता उन्नत होवे
जो समाजवाद जय पुकारती।

18. तुम मेरी धरती की नई पौध के फूल
तुम जिसके लिए मेरा तन–मन खाद बनेगा
तुम, जब मेरी इन रचनाओं को पढ़ोगे
तो तुम्हें कैसा लगेगा,
इसका मेरे मन में बहुत कौतूहल है।

19. और तभी किसी दिन
किसी प्राचीन काव्य संग्रह में
तुम मेरी कविताएँ पढ़ोगे ;
और उन्हें पढ़कर तुम्हे कैसा लगेगा।

SECTION C — (3 × 10 = 30 marks)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 500 शब्दों में हों।

20. 'कवि और कल्पना' कविता का मूल्यांकन कीजिए। (1 × 10 = 10)

अथवा

21. 'भारत की आरती' कविता का सारांश लिखिए।

22. प्रगतिवादी कविता की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (1 × 10 = 10)

अथवा

23. हिन्दी कहानी के विकास पर चर्चा कीजिए।

24. किन्हीं दो की टिप्पणी लिखिए। (2 × 5 = 10)

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(b) रामधारी सिंह दिनकर

(c) प्रेमचंद

(d) यशपाल